'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन

दिनांक 07/04/26 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया | नर्सिंग एवं एलाइड हेल्थ केयर संकाय के एमरजैंसी एंड ट्रामा केयर के विद्यार्थीयो द्वारा "स्वास्थ्य के लिए एक साथ — विज्ञान के साथ खड़े हों।" के विषय पर एक विशेष पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छ जीवनशैली और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था।
कार्यक्रम की प्रस्तुति इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर की छात्राएं सुप्रिया, रागिनी, नेहा यादव, नेहा गुप्ता, श्रेया सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के सभागार मे आयोजित किया गया जिसमे नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की अधिष्ठिता डॉ.डी.एस. अजीथा,प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव सम्मत शिक्षक और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।